संदर्भ सं. APEDA-FFV/62/2025-FFV

दिनांक: 16.06.2025

**विषय: एपीडा द्वारा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और सऊदी अरब में आयोजित किए जाने वाले आम संवर्धन और क्रेता विक्रेता बैठक में भारतीय आमों को बढ़ावा देने हेतु भारतीय निर्यातकों की भागीदारी**

प्रिय निर्यातक,

भारत विश्व स्तर पर आमों का सबसे बड़ा उत्पादक देश है, यहाँ आम की लगभग 1,000 किस्में उगाई जाती हैं, जिनमें से 15 से अधिक किस्में व्यावसायिक रूप से काफी प्रसिद्ध है। ताज़े आमों के अतिरिक्त , भारत अचार, पापड़, चटनी और गूदे जैसे मूल्यवर्धित उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला भी प्रदान करता है जिनमें भी निर्यात की अपार संभावनाएँ होती हैं।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भारतीय आमों को बढ़ावा देने के लिए एपीडा अखिल विश्व में भारतीय दूतावासों, उच्चायोगों और वाणिज्य दूतावासों के साथ मिलकर आम महोत्सव, टेस्टिंग सत्र, उपहार देने की गतिविधियों और क्रेता-विक्रेता बैठकों सहित विभिन्न पहल कर रहा है।

वैश्विक बाजारों में भारत की मौजूदगी बढ़ाने के हमारे निरंतर प्रयासों के अंतर्गत , एपीडा भारतीय दूतावास , भारतीय महावाणिज्य दूतावास और लुलु समूह के सहयोग से 29 जून-1 जुलाई 2025 को यूएई और 3-7 जुलाई 2025 (संभावित) को सऊदी अरब (रियाद और जेद्दा) में आम संवर्धन कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना रहा है। कार्यक्रम में एपीडा और भारतीय दूतावास/वाणिज्य दूतावास द्वारा आम महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन और उसके बाद क्रेता-विक्रेता बैठक शामिल होगी।

एपीडा आयातकों के साथ अपने संबंध बढ़ाने तथा क्षेत्रीय बाजार की आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझने के लिए इस कार्यक्रम में भारतीय निर्यातकों के प्रतिनिधिमंडल को शामिल करने हेतु निर्यातकों की भागीदारी के लिए प्रयासरत है।

इच्छुक निर्यातक कृपया अपना पुष्टिकरण शीघ्र प्रस्तुत करें।

किसी भी प्रश्न या स्पष्टीकरण के लिए , डॉ. सी. बी. सिंह , उप महाप्रबंधक (+91-8334905777 cbsingh@apeda.gov.in) या सुश्री सेहरीना मकबूल, सहायक प्रबंधक (+91-7006002970, sahreena@apeda.gov.in) से संपर्क करें।

सादर,

डॉ. सी.बी. सिंह

उप महाप्रबंधक